मूल्य/धर्मार्थ : 1 पैसा
(केवल बहाईयों में वितरण हेतु)

बहाई समाचारपत्र

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO
Delhi on 10/11.12. 2022

Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg. New Delhi - 110 001 - INDIA

वर्ष : 58 अंक 12 प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख
दिसम्बर 2022 बहाई वर्ष : 179

विश्व न्याय मन्दिर

प्रगति का एक प्रभावी संकेतक यह था कि असंख्य जगहों पर यह स्पष्ट हो गया कि प्रभुधर्म राष्ट्रीय स्तर पर अपनी गुमनामी के अंधकार से बाहर आ चुका है। शासन–सूत्र का संचालन करने वाले अनेक नेताओं और प्रबुद्ध लोगों ने सार्वजनिक रूप से कहा––और कई बार निजी तौर पर इस बात पर जोर दिया––कि आज की दुनिया को बहाउल्लाह की संकल्पना की जरूरत है और यह कि बहाईयों द्वारा किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं और उनका विस्तार किया जाना चाहिए।

–रिज़वान 2018

झारखण्ड में आयोजित अभिभावक बैठक

झारखण्ड में प्रत्येक माह की भाँति इस माह भी पटमदा क्लस्टर के बारूबेड़ा गाँव के एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में विद्यालय प्रशासन, पटमदा की स्थानीय आध्यात्मिक सभा तथा स्थानीय मित्रों की सहायता से एक अभिभावक बैठक का आयोजन 24 नवम्बर, 2022 को किया गया। बहाई शिक्षा प्रणाली से प्रभावित होकर विद्यालय का प्रशासन, स्थानीय बहाई संस्थाओं की सहायता से प्रत्येक महीने की 24 तारीख को अभिभावक बैठक का आयोजन करता है, जो अब एक प्रकार से उस गाँव की संस्कृति बन रही है। उक्त बैठक में बहाई गतिविधियों से बच्चों, किशोरों, युवाओं तथा समुदाय की संस्कृति में हो रहे परिवर्तनों की समीक्षा की जाती है। विद्यालय प्रशासन की ओर से उनके कुछ भौतिक प्रश्न होते हैं और उपस्थित बहाई मित्रों के आध्यात्मिक प्रश्न। प्रारंभिक स्तर पर बैठकों को नियमित करने की दिशा में इन बैठकों की वार्तालापों में विद्यालय की शिक्षाओं के महत्व पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। लेकिन धीरे–धीरे बहाई विषयों में अभिभावकों का गहन परामर्श स्थानीय मित्रों के प्रयासों को संपुष्टि प्रदान करता है। प्रत्येक महीने इस प्रेरणादायक अभिभावक बैठक में अभिभावकों की निरंतर प्रतिभागिता में वृद्धि एक अच्छा संकेत तथा उनके बच्चों के जीवन में शिक्षा की नित्यान्त आवश्यकता को प्रदर्शित करता है। उपस्थित अभिभावक परामर्श में खुल कर भाग लेते हैं, अपनी अभिव्यक्ति को साझा करते हैं। कुछ महीनों में यह देखा जा रहा है कि संस्थान प्रक्रिया में महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ी है जो इस बार उस समुदाय में सलाहकार की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुई, सामुदायिक बैठक एक प्रमाण है, यह दिखाता है कि परिवार स्त्रियों की शिक्षा के महत्व को समझने लगे हैं और इस दिशा में अपने परिवार के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हाल के दिनों में एक परिवार की युवती को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित तथा उनके परिवार को इसके बारे में समझाने तथा कॉलेज में नामांकन तक के प्रयास स्थानीय बहाई युवाओं द्वारा संपन्न किए गए। यह विषय उस अभिभावक बैठक के मूल परामर्श का केंद्र था। इसी प्रकार के और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर परामर्श के उपरांत बैठक की समाप्ति की गई और अगली बैठक आगामी माह को होना सुनिश्चित किया गया।



पटमदा में हुई अभिभावक बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागी

इस अंक में

मध्य प्रदेश में आयोजित गतिविधियाँ

• मध्य प्रदेश के बानमोर समुदाय के फूलपुर गांव में वहाँ की स्थानीय आध्यात्मिक सभा द्वारा उन्नीस दिवसीय सहभोज सभा का आयोजन हर्षोल्लास और आनंदमय वातावरण में 22 नवम्बर, 2022 की शाम को किया गया। इस कार्यक्रम में समुदाय के लगभग 50 मित्रों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम भी किये गये। अंत में, सभी मित्रों के लिए भोजन की व्यवस्था स्थानीय मित्रों के सहयोग से की गई।

• बानमोर के पड़ोसी समुदाय गोहद में ग्वालियर सबरीजन टीम और बानमोर समुदाय के मित्रों के सहयोग से पहली बार एकता भोज का आयोजन किया गया, जिसके



गोहद समुदाय में एकता सहभोज में शामिल मित्रगण

लिए वहाँ के स्थानीय मित्रों ने भोज को प्रभावशाली बनाने हेतु पहले से ही तैयारियाँ शुरू कर दी थीं। बानमोर समुदाय के क्लस्टर कोर्डिनेटर और फेसिलिटेटर एवं सबरीजन टीम द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया, जिसमें गोहद के मित्रों द्वारा समुदाय विकास प्रक्रिया, सामाजिक परिवर्तन और बच्चों, किशोरों एवं युवाओं के लिए बहाई कार्यक्रमों को प्रभावशाली कैसे बनाया जाये जैसे विषयों पर विस्तार से गहन परामर्श किया गया। इसके साथ ही बच्चों, किशोरों एवं युवाओं द्वारा सांस्कृतिक भाग को प्रभावशाली बनाया गया। सहभोज के दौरान मित्रों ने समुदाय में चल रही विकास की गतिविधियों के बारे में गहन परामर्श किया। साथ ही, सभी उपस्थित मित्रों के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की गई, जिसको तैयार करने में समुदाय के मित्रों द्वारा पूर्ण सहयोग किया गया।

• कनकटपुरा गांव में भी स्थित स्थानीय सभा द्वारा वहां के मित्रों के लिए 23 नवम्बर की दोपहर को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ उन्नीस दिवसीय सहभोज सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित मित्रों द्वारा सहभोज पत्र का अध्ययन किया गया। साथ ही, सांस्कृतिक

सूचना

महाद्वीपीय सलाहकार मण्डल ने बिहार के श्री नंदन कुमार और असम के श्री विश्वजीत डेका द्वारा अपने पद से दिए गए त्यागपत्र को स्वीकार करने के उपरान्त इन दोनों को सहायक मण्डल सदस्य के दायित्व से मुक्त कर दिया है।

युगल अवतारों की जयन्ती का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

• बिहार में, स्थानीय बहाई उपासना गृह स्थल–हरगावॉ, बिहारशरीफ़, नालन्दा में बाब का 203वां एवं युगावतार बहाउल्लाह का 205वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ 26 अक्टूबर 2022 को मनाया गया, जिसमें हरगावॉ, तेतरावॉ, चोरसुआ, बकरा, विशुनपुर, नेवाजीबिगहा, प्रभुबिगहा एवं डम्मरबिगहा से हजारों लोगों ने भाग लिया।

जन्मोत्सव की शुरूआत भक्तिमय वातावरण में लयबद्ध प्रार्थना एवं निगूढ़ वचन के सस्वर पाठ से की गई। कार्यक्रम में समागत मित्रों के स्वागत संबोधन के उपरांत युगल अवतारों की जीवनी, बहाई सिद्धांत, प्रसार–सुगठन, सामाजिक क्रिया एवं सामाजिक संवाद पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया।



बिहारशरीफ में आयोजित कार्यक्रम के मित्रगण

उक्त जन्मोत्सव को यादगार बनाने के लिए स्थानीय बच्चों, किशोरों एवं युवाओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुती की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपक्षेत्रीय विकास सहयोगी, संचालन लर्निंग साईट बिहारशरीफ़ के मानव संसाधन एवं धन्यवादज्ञापन स्थानीय आध्यात्मिक सभा, हरगावॉ द्वारा किया गया। ज्ञातव्य हो कि स्थानीय समुदायों की मदद से कार्यक्रम पूर्णतया आत्मनिर्भर रहा।



कल्याण में आयोजित एक कार्यक्रम के प्रतिभागी

• युगलावतार का जन्मोत्सव का कार्यक्रम महाराष्ट्र के कल्याण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम सुदामाकुंज बंगला, कल्याण ईस्ट टाटा पावर में, कल्याण पश्चिम और भिवंडी में मनाया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में बच्चों द्वारा प्रार्थनाएं की गईं। एक बहाई मित्र के द्वारा इस दिन के महत्व के बारे में उपस्थित सभी मित्रों को बताया। साथ ही, बाब और बहाउल्लाह के जीवन के बारे में बताया। बच्चों ने कुछ गीत और नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अलावा, मानवजाति की एकता और सार्वभौमिक शिक्षा के बारे में बात की। नैतिक कक्षा के बच्चों द्वारा एकता विषय पर नाटक प्रस्तुत किया गया और उन्होंने इसके माध्यम से सच्ची एकता के अर्थ को दर्शाया।

तीन स्कूलों के स्वामी श्री चौबे से बात की। उन्होंने हमारी अपनी संस्कृति को समझने के बारे में बात की और नई उभरती संस्कृतियों के साथ इसे संरक्षित करने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। सभी प्रतिभागियों ने आनंद का अनुभव किया।

कल्याण में एक बहाई मित्र के घर युगल अवतारों का जन्मदिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। बाब और बहाउल्लाह के जीवन पर

शेष पृष्ठ 4 पर

बहाई विवाह



असम में गुवाहाटी के श्री प्रीतम नायक और मणिपुर में इम्फाल की सुश्री मेलांगलन कोईजाम का विवाह बहाई विधिविधान के अनुसार 24 अक्टूबर, 2022 को सम्पन्न हुआ।



चंडीगढ़ के श्री अमनदीप सिंह और कोलकाता की सुश्री अलीशा का विवाह कोलकाता में 30 अक्टूबर, 2022 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



उत्तर प्रदेश के सहार क्लस्टर की सुश्री प्रियंका और महाराष्ट्र के मालेगांव के श्री रुपेश पातरे का विवाह 9 नवम्बर, 2022 को बहाई विधिविधान के अनुसार सम्पन्न हुआ।



असम के तामूलपुर क्लस्टर की सुश्री मनीषा राभा और राजशाही, बांग्लादेश के श्री इब्ने सालेह का विवाह बहाई विधिविधान के अनुसार 20 नवंबर, 2022 को सम्पन्न हुआ।

शेष पृष्ठ 4 पर

वर्ष 2022–2023 के लिए राज्य/क्षेत्रीय बहाई परिषदों के सदस्यगण

क्षेत्रीय बहाई परिषद आंध्रप्रदेश एवं तेलंगाना

1. श्री सरूस फनियान
2. श्रीमती पी. वासंथी गोपीनाथ
3. श्री देवी कुमार
4. श्री अजय नायडू
5. श्री शांतिमूर्ति नायडू
6. श्रीमती तुलासी राजशेखर
7. श्री ई. वैंकट रंगईया
8. श्री मालेश रेड्डी
9. श्रीमती वाई. सावित्री रेड्डी

क्षेत्रीय बहाई परिषद असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय एवं नगालैंड

1. श्री हरकेशवर बोरो
2. श्री अनंदा ब्रह्मा
3. श्री दिलीप दास
4. सुश्री बंदना डेका
5. श्री भास्कर डेका
6. सुश्री शोभा डेका
7. सुश्री प्रियंका कुमारी
8. श्रीमती शारदा नायक
9. सुश्री मनीषा राभा

राज्य बहाई परिषद बिहार

1. श्री दीपेन्द्र चन्दन
2. सुश्री रीना दानेश
3. सुश्री उषा कुमारी देवी
4. श्री चितरंजन कुमार
5. श्री रंजन कुमार
6. श्री रेन्टो कुमार
7. श्री विकास कुमार
8. श्री लालो कुमार राय
9. श्री ओम नमः शिवाय सिंह

राज्य बहाई परिषद छत्तीसगढ़

1. श्री इन्देश चौधरी
2. श्री सुनिर्मल महातो
3. सुश्री प्रीति माणिकपुरी
4. श्री कमल रावल
5. श्री दिगेश्वर साहू
6. श्री लेखराम साहू
7. सुश्री मन्ना शर्मा

राज्य बहाई परिषद गुजरात

1. श्री राजेश अहीरे
2. श्री वसंत बागुल
3. श्री किशन भोये
4. श्रीमती स्वाति चिनूभाई
5. श्री संजय गेन
6. श्री रतिलाल गावित
7. श्री तुषार गावित
6. श्री अविनाश पवार
9. श्रीमती निशा पुनावाला

राज्य बहाई परिषद झारखण्ड

1. सुश्री रिंकी दलाई
2. श्रीमती लिचुवाला दास
3. श्री रतन महातो
4. सुश्री नेहा नायक
5. श्री ओम प्रकाश
6. सुश्री गौरी साहू
7. श्री संदीप शर्मा
8. श्री महानंद सिंह
9. श्री संजीब तांती

राज्य बहाई परिषद कर्नाटक

1. श्री एच. एन. चन्द्रशेखर
2. श्रीमती पार्वती एम. जी.
3. डॉ. सी. एस. माला
4. श्री दिनेश राव
5. श्री उमा शंकर
6. श्री गणेश शिनॉय
7. श्रीमती अचम्मा सुधाकरण
8. सुश्री सौभाग्या
9. श्री श्रीनाथ डी.टी.

राज्य बहाई परिषद केरल

1. श्री विनोद अरिथीर्थम
2. श्री बदी गोपी
3. सुश्री रीना गोपाल कृष्णन
4. सुश्री ज्योथीलक्ष्मी
5. श्री उनीज़ एम.
6. श्री के मोहनन
7. सुश्री ज्योथी प्रभाकरण
8. सुश्री शोभा के. एस.
9. श्रीथु एस.

राज्य बहाई परिषद मध्यप्रदेश

1. श्रीमती सहार अनवरी
2. श्री हर्ष अरोड़ा
3. श्री रवि कौशल
4. श्रीमती अलका कुमार
5. श्री बकील कुशवाह
6. डॉ. समा महालती
7. श्री धर्मवीर नरवारिया
8. डॉ. रोजा ओल्याई
9. श्री किंशुक सोलंकी

क्षेत्रीय बहाई परिषद महाराष्ट्र एवं गोवा

1. श्री आकाश चक्रबर्ती
2. श्री मोहन चौधरी
3. श्रीमती मार्ज़िया दलाल
4. श्री संदीप गौरे
5. श्रीमती ईडेन मोतालबी
6. श्री जीवन पगारे
7. श्री शुभांकित पाणिग्राही
8. श्रीमती कविता पवार
9. श्री सिद्धिविनायक शिंदे

क्षेत्रीय बहाई परिषद मणिपुर एवं मिजोरम

1. श्री बिनोय चन्द
2. सुश्री कविता चानू
3. सुश्री अहनलिमा कोईजाम
4. श्री सलाम इबोमचा मिताई
5. श्रीमती बिलासनी नशिम्बानी
6. श्री इंगोशना शर्मा
7. श्री लेशराम कीर्तिबास सिंह
8. श्री खेलजीत थोंगराम
9. श्री रोजित वैखोम

राज्य बहाई परिषद उड़ीसा

1. श्री आलोक बेहरा
2. श्री शंकर माझी
3. सुश्री मिताली मलिक
4. श्री बबलू मिश्रा
5. श्री रियाज़ मोतल्लबी
6. सुश्री मोना मोतल्लबी
7. श्री जन्मजया नायक
8. श्री सुशांत नायक
9. श्री संग्राम स्वैन

क्षेत्रीय बहाई परिषद पंजाब, हरियाणा हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू कश्मीर

1. सुश्री त्रिशा अध्या
2. सुश्री भावना
3. श्री विकास छेत्री
4. सुश्री ज्योति मण्डल
5. श्री रघुपति मण्डल
6. श्रीमती जोहरे रोशन
7. श्री शुभम
8. श्री अमनदीप सिंह
9. श्रीमती होमा ज़मानी

राज्य बहाई परिषद राजस्थान

1. श्रीमती अपर्णा अनंत
2. श्री हरि प्रसाद बैरवा
3. श्री रामेश्वर बैरवा
4. सुश्री आशा कुमावत
5. श्री राजेश मीणा
6. श्री सोहेल रौहानी
7. श्री हनुमान वर्मा

क्षेत्रीय बहाई परिषद सिक्किम एवं दार्जिलिंग

1. सुश्री पुनीता अल्ले
2. श्री अर्जुन छेत्री
3. श्री हेस्सम ईसा
4. श्री सरोज लामा
5. श्री बलराम प्रधान
6. श्रीमती यंकी प्रधान
7. श्री कैलाश शर्मा
8. सुश्री रोशनी शेख
9. श्री ललित थापा

क्षेत्रीय बहाई परिषद तमिलनाडु एवं पुडुचेरी

1. श्री टी. अभिनेश
2. श्री भरथ अरुमुगम
3. श्रीमती अस्सिप्रिया
4. श्रीमती अनदल कन्नन
5. श्री मुनीसवरन
6. श्री कमलासेखरन पांडयन
7. श्रीमती सरस्वथी
8. श्री टी. सुब्रामणियन
9. श्रीमती मल्लिका सुन्दर

राज्य बहाई परिषद त्रिपुरा

1. श्री रूपक बिश्वास
2. सुश्री अनुराधा दास
3. श्री मनीष देब
4. सुश्री मौसमी देब
5. श्री प्रबीर देबनाथ
6. सुश्री स्मृति देबनाथ
7. श्री प्रियातोष घोष
8. सुश्री त्रिवेनी शाह
9. श्री राजीब शील

क्षेत्रीय बहाई परिषद उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड

1. श्री नदीम अमीर
2. श्री अमित कुमार
3. श्री राहुल कुमार
4. श्री प्रमोद मोर्या
5. श्री प्रिंस कुमार
6. सुश्री पूजा राजपूत
7. डॉ. ताहिरे सिंह
8. श्री आलोक कुमार यादव
9. श्री सुनील कुमार यादव

राज्य बहाई परिषद पश्चिम बंगाल

1. श्री सुब्बु हेम्मती
2. श्री धनंजय कुमार
3. श्री राजीब कुम्भाकर
4. सुश्री डोली महातो
5. श्री कमलकांत महातो
6. श्री प्रदीप कुमार महातो
7. श्री सुकांतो महातो
8. श्री मोनीशंकर मैती
9. श्रीमती जेबा यादव

• • • • • • • • •

Regd. No. DELHIN / 1966 / 04204 | Delhi Postal Regd No. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
Delhi P.S.O. | Licensed to post without pre-payment No. U (C)-52/2021-22-23

युगल अवतारों की जयन्ती का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

पृष्ठ 2 का शेष

संक्षिप्त विवरण साझा किया। उनके जीवन के कुछ अंश पढ़े, उन्होंने इन अंशों पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। मित्रगण विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के साथ एकत्रित हुए, एक पॉट लक डिनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

भिवंडी में नैतिक कक्षा के बच्चों ने प्रार्थना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बहाई सिद्धांतों पर भी चर्चा की गई। भिवंडी में बहाई धर्म के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। ईश्वर को जानने और उस जो आनंद और गीत–संगीत से भरपूर था।

• 26 अक्टूबर को देवलाली के बहाई भवन में युगल अवतारों का जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

देवलाली आध्यात्मिक सभा द्वारा यह कार्यक्रम 5 मुहल्लों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें स्थानीय गणमान्यों को आमंत्रित किया गया। सहायक मंडल सदस्य द्वारा बहाउल्लाह और बाब के जीवन के बारे में



देवलाली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले मित्रगण

तक पहुंचने के विभिन्न तरीकों के बारे में सुंदर तरीके से बात की गई। बाब और बहाउल्लाह के जीवनकाल के बारे में उपस्थित मित्रों को बताया गया। यह पूरी तरह से युवा उन्मुख कार्यक्रम था, प्रतिभागियों के साथ परामर्श किया गया, जिसमें उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं और मानवजाति के प्रेम के खातिर संकट भरे जीवन को बताया गया और इस युग की महानता के बारे में चर्चा की गई।

बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट में सेवा का अवसर

प्रिय मित्रों, बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट के कार्यालय में बिक्री और प्रशासनिक कार्यों के लिए 2 से 3 माह की अवधि के लिए स्वयंसेवकों की आवश्यकता है। स्वयंसेवक को हिन्दी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए। इस सेवा के बदले में एक निश्चित राशि प्रदान की जाएगी।

जो भी मित्रगण इसके लिए इच्छुक हैं वह अपना आवेदन बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट को bptindia@ibnc.in पर ईमेल द्वारा भेज सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।

बहाई लिटरेचर एण्ड पब्लिकेशन ट्रस्ट
एफ–3/6, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–1
फोन 91–11–40523382–84,
नई दिल्ली–110020

बहाई विवाह



बिहार में ख़गड़िया जिलान्तर्गत ख़टहा कनटोली समुदाय के श्री रंजन कुमार भारती और महेशखूंट निवासी सुश्री श्वेता कुमारी का विवाह बहाई विधि–विधान के अनुसार 20 नवम्बर, 2022 को स्थानीय आध्यात्मिक सभा, गोगरी–जमालपुर के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

बिहार में सामाजिक क्रिया की तैयारी से संबद्ध सहशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

'सामाजिक क्रिया की तैयारी' कार्यक्रम में गतिज़ता लाने के उद्देश्य से बहाई भवन, पटना में पीएसए सहशिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 से 18 अक्टूबर 2022 तक किया गया। इस कार्यक्रम में बिहार के अग्रणी समुदाय हथवन से 2, कोठियॉ से 3 एवं पटना से 1 सहशिक्षक ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज़ कर अपना ज्ञान संवर्द्धन किया। प्रशिक्षण को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरूचिपूर्ण बनाने में सहशिक्षक का विशेष योगदान रहा।

उक्त प्रशिक्षण अंक गणितीय विधा को तीव्रता तथा यथार्थता के साथ निष्पादित करने व उन्हें वास्तविक जीवन में लागू करने जैसे दोहरे सामर्थ्य को विकसित करने में काफी मददगार रहा। प्रशिक्षण के दौरान अवधारणाओं को स्पष्ट करने, कुशलताओं को विकसित करने तथा सर्वाधिक ज्ञान को प्रयुक्त करने पर बल दिया गया जो पीएसए कार्यक्रम के केन्द्र में है।

ज्ञातव्य हो कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने कई अवधारणाओं को लेकर एक नई अन्तर्दृष्टि प्राप्त की, जिसमें मुख्य रूप से शामिल था दो या दो से अधिक समुच्चयों के अव्यय का संबंध, संकलन प्रणालियों के ढ़ाँचे के बारे में ज्ञान अर्जित करना ख़ासकर दशमलव पद्धति का। इसके अतिरिक्त, बीजगणित की अवधारणा, खाता विनिर्मित करने के तरीके, तुला–पत्र तैयार करना तथा उद्यम का लाभ एवं हानि का हिसाब लगाना शामिल था। इतना ही नहीं, बल्कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कुछ आध्यात्मिक अवधारणाओं यथा–ईमानदारी, सत्यवादिता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व जैसे अभिवृत्तियों एवं गुणों को विकसित करने का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर सोल के कार्यक्रम संयोजक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कुल पृष्ठ संख्या–4

बहाई समाचारपत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित फार्म – 4, नियम 8

समाचार का नाम : बहाई समाचारपत्र
रजि नं. : DELHIN / 1966 / 4204 यू नं. (C)-52/2021-22-23
डी.एल. DL (ND) 11/6036/2021-22-23
प्रकाशक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
(बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1)
प्रकाशन स्थान : बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1

मुद्रक का नाम : सुशील कुमार (भारतीय)
बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–1
मुद्रण स्थान : श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110020
उन व्यक्तियों के नाम जो समाचारपत्र स्वामी हों : राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा को इसका स्वामित्व प्राप्त है, जो सोसायटीज़ एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है।

Licenced to post without Pre-Payment Posted at DPSO Delhi on 10/11.12.2022
Sender's Address:
6, Shrimant Madhavrao Scindia Marg.
New Delhi - 110 001 - INDIA

स्वामी, भारत के बहाईयों की राष्ट्रीय आध्यात्मिक सभा, जो सोसायटीज एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत है, के लिए प्रकाशक, मुद्रक : सुशील कुमार के द्वारा श्री मंगलम प्रिंटर्स, एफ–25, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज़–1, नई दिल्ली–110 020 से मुद्रित एवं बहाई भवन, 6 श्रीमंत माधव राव सिंधिया मार्ग, नई दिल्ली–110 001 से प्रकाशित (सम्पादक : सुशील कुमार)

प्रकाशन : प्रत्येक माह की 8 तारीख